शिक्षिका हत्याकांड का पर्दाफाश

शादी के विवाद में प्रबंधक ने कार में ही घोंट दिया था रानी का गला

देवरिया। जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री नेत्र ग्लोबल स्कूल के समीप सड़क किनारे महिला का शव फेंके जाने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। प्रेम प्रसंग के चलते शादी का दबाव बनाने पर स्कूल प्रबंधक ने अपनी ही शिक्षिका की कार में गला दबाकर हत्या कर दी थी। हैवानियत की हद यह रही कि आरोपी दिनभर शव को कार की डिग्गी में लादकर सड़कों पर घूमता रहा और शाम ढलते ही रुद्रपुर क्षेत्र में ठिकाने लगाकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी प्रबंधक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। 31 अक्टूबर की रात मिला था शव बीती 31 अक्टूबर की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की वैगनार कार सवार व्यक्ति श्री नेत्र ग्लोबल स्कूल के पास एक महिला का शव फेंककर तेजी से भाग निकला। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने तत्काल फोरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना किया। जांच-पड़ताल में मृतका की शिनाख्त गोरखपुर जिले के झंगहा थाना क्षेत्र स्थित कन्हौली हरैया निवासी रानी विश्वकर्मा के रूप में हुई। मृतका के पिता की तहरीर पर रुद्रपुर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिए टीमें लगाई गई थीं। शादी का दबाव बनी हत्या की वजह एसपी अभिजित



आर. शंकर ने बताया कि गोरखपुर के ब्रह्मपुर नई बाजार स्थित वीएन सेंट्रल एकेडमी के प्रबंधक विजय निषाद और उसी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका रानी विश्वकर्मा के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी विजय पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। 31 अक्टूबर की सुबह रानी स्कूल पहुंची और विजय पर शादी करने की जिद पर अड़ गई। बात बिगड़ती देख विजय उसे अपनी वैगनार कार में बैठाकर मिठाबेल गांव के बाहर सुनसान इलाके में ले गया। वहां विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कार की बीच वाली सीट पर ही रानी का गला घोंटकर उसकी जान ले ली। डिग्गी में लाश रख दिनभर घूमता रहा वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को कार की डिग्गी में बंद कर दिया। वह पूरे दिन शव लेकर चौरीचौरा और आसपास के इलाकों में घूमता रहा। रास्ते में साक्ष्य मिटाने की नीयत से उसने रानी का मोबाइल तोड़ दिया और मोबाइल, कवर व एटीएम कार्ड अलग-अलग जगहों पर फेंक दिए। रात के अंधेरे में उसने शव को रुद्रपुर में स्कूल के पास सड़क किनारे फेंका और फरार हो गया। क्या बोले एसपी रुद्रपुर में महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी स्कूल प्रबंधक विजय निषाद को निबही मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त वैगनार कार, मृतका का एटीएम कार्ड व मोबाइल का फ्लिप कवर बरामद कर लिया गया है। विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में परखी बाईपास हाईवे की प्रगति, सुस्ती पर सेतु निगम व आरईडी के एक्सईएन का रोका वेतन

देवरिया। जिले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा निर्माणाधीन बाईपास हाईवे परियोजनाओं को समय से पूरा कराने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कार्यों में सुस्ती और अपेक्षित प्रगति की जानकारी न दे पाने पर अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) सेतु निगम और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के अधिशासी अभियंता का एक दिन का वेतन रोकने का कड़ा निर्देश जारी किया। डीएम के इस रुख से निर्माण से जुड़े विभागों में हड़कंप मच गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने और तय समयसीमा के भीतर परियोजनाएं पूरी करने की सख्त हिदायत दी। डीएम ने दो टूक कहा कि विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर अफसरों की सीधी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जो बाईपास हाईवे परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कर जनता के लिए शुरू कराया जाए। किसानों के मुआवजे



❖ समयसीमा और गुणवत्ता पर विशेष जोर:मानकविहीन कार्य बर्दाश्त नहीं, तय होगी अफसरों की जवाबदेही

का समय पर हो भुगतान डीएम ने अधिकारियों से परियोजनावार आ रही बाधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जहां भी पेड़ कटान, जमीन अधिग्रहण या मुआवजे की वजह से काम रुका है, वहां संबंधित विभागों से तुरंत समन्वय बनाकर निस्तारण कराएं। किसानों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा समय पर मिलना चाहिए, ताकि निर्माण कार्य में कोई अनावश्यक रुकावट न आए। सड़कों पर गड्ढे मिले तो होगी कार्रवाई पीडब्ल्यूडी की सड़कों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण में गुणवत्ता के मानकों से कोई समझौता नहीं होगा। अधिकारी मौके पर जाकर नियमित जांच करें। यदि किसी भी सड़क पर गड्ढे पाए जाएं तो उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि आम लोगों और राहगीरों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान पूर्वांचल विकास निधि से कराए जा रहे कार्यों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज प्रकाश राठौर के अलावा एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

डांस अकादमी के प्रतिभागियों ने जिले पर लहराया जीत का परचम

सलेमपुर (देवरिया)। प्रतिभा को जब सही मार्गदर्शन मिलता है, तो नई पहचान बनती है। इसका शानदार उदाहरण यहां की डांस अकादमी के बच्चों ने पेश किया है।



अकादमी के प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि उन्हें देवरिया ब्रिलियंट फेलोशिप अवॉर्ड्स2026 में प्राप्त हुई है। प्रतियोगिता के सीनियर सोलो डांस वर्ग में सचिन आर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर मॉडलिंग वर्ग में ऐश्वर्या ने द्वितीय और रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। डांस अकादमी की संस्थापक एवं निदेशक नेहा आर्या ने बताया कि केवल बच्चों को डांस और मॉडलिंग सिखाना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास जगाना, उनकी छिपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें बड़े मंचों तक पहुँचने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। वे आगे भी बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण, सही मार्गदर्शन और नए अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी।

डीएम के औचक निरीक्षण से तरकुलवा में हड़कंप, स्कूलों में शिक्षक तो ब्लॉक से अफसर नदारद, मांगा स्पष्टीकरण

देवरिया। सरकारी दफ्तरों में लेटलतीफी और परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन की बदहाली पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को विकासखंड तरकुलवा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक पहुंचने से इलाके के लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया में पांच शिक्षक-शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले, वहीं सुबह 10 बजे तरकुलवा ब्लॉक मुख्यालय से भी कई प्रमुख अधिकारी गायब पाए गए। इस घोर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम ने सभी गैरहाजिर कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने तरकुलवा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय कमधेनवा, रामपुर गढ़, पिपरहिया एवं मुंडेरा रामनाथ का औचक मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक व छात्र उपस्थिति पंजिका, मिड-डे मील और बच्चों के शैक्षणिक स्तर की बारीकी से जांच की। प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया में दो सहायक अध्यापक और तीन शिक्षामित्र ड्यूटी से नदारद मिले। इस पर डीएम ने सख्त नाराजगी जताते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को अनुपस्थित कर्मियों से तत्काल जवाब-तलब करने और विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और बच्चों के बुनियादी ज्ञान को मजबूत करने के लिए क्षमता संवर्धन पर विशेष ध्यान दें।



❖ प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया में 2 सहायक अध्यापक व 3 शिक्षामित्र मिले गैरहाजिर, बीएसए को कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में निपुण तालिका एवं संदर्शिका के अनुसार ही पढ़ाई कराई जाए, ताकि छात्र तेजी से %निपुण% बन सकें और विद्यालयों को निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जा सके। इसके अलावा परिसर में समुचित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। खाली कुर्सियां देख भड़के डीएम, बीडीओ को दिए कार्रवाई के निर्देश स्कूलों की स्थिति परखने के बाद डीएम पूर्वाह्न ठीक 10 बजे खंड विकास कार्यालय (ब्लॉक मुख्यालय) तरकुलवा पहुंच गए। शासन के तय समय के बावजूद कार्यालय में कई प्रमुख अधिकारी अपनी कुर्सियों से गायब थे। यह देख जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) की जमकर क्लास ली। उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि गैरहाजिर अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से तत्काल अवगत कराएं। डीएम ने बीडीओ को ब्लॉक की व्यवस्थाओं और अधिकारियों की समय पर उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पदयात्रा की सफलता को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

देवरिया। गोरखपुर में चार नवंबर को प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय औरा-चौरी में बैठक हुई। इसमें पदयात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी देवेंद्र यादव ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पदयात्रा में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि पदयात्रा को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ जुटे हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपील की।

देवरिया पुलिस का 'दिवाली गिफ्ट'

55 लाख के 268 गुम मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाए, खिले चेहरे

देवरिया। दीपावली के पावन पर्व से पहले देवरिया पुलिस ने जिले के 268 लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। लंबे समय से मोबाइल फीचर्स वाले फोन शामिल हैं। जिसमें रियलमी के 60, वीवो 50, ओप्पो 50, रेडमी 42, सैमसंग के 18, मोटोरोला के 15, टेक्नो के 12,



खोने का दंश झेल रहे लोगों की खुशियां उस वक्त दोगुनी हो गईं, जब उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर उनके कीमती स्मार्टफोन्स सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सर्विलांस सेल ने कड़ी मशक्कत और तकनीकी निगरानी के जरिए अलग-अलग इलाकों से गायब हुए करीब 55 लाख रुपये की कीमत के 268 मोबाइल फोन बरामद किए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सभी स्वामियों को उनके मोबाइल सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर लोगों ने राहत की सांस ली और देवरिया पुलिस की कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना की। लगातार मिल रही शिकायतों पर हुई कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल गुम होने के संबंध में लगातार प्रार्थना पत्र प्राप्त हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए सर्विलांस सेल को विशेष कार्ययोजना के तहत लगाया था। सर्विलांस प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई नंबरों की तकनीकी मॉनिटरिंग और लगातार फील्ड वर्क के जरिए एक-एक कर विभिन्न ब्रांड्स के 268 मोबाइल फोन रिकवर करने में सफलता पाई। इन ब्रांड्स के फोन हुए बरामद बरामद किए गए स्मार्टफोन्स में महंगे और आधुनिक वनप्लस 9, इनफिनिक्स के 6, इंटेक्स के 5 और ऑनर के 1 मोबाईल शामिल है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम सराहनीय कार्य करने वाली टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक सादिक परवेज, एसओजी उप निरीक्षक शेष कुमार शर्मा, मुख्य आरक्षी विमलेश सिंह, मुख्य आरक्षी सुधीर कुमार मिश्र, का. आ.शम्मी कुमार, आरक्षी सुमंत यादव, आरक्षी विन्देश्वर यादव (सभी सर्विलांस सेल) तथा थाना कोतवाली के आरक्षी अभिषेक यादव शामिल रहे।

एथलेटिका 3.0 में जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पांच पदक

देवरिया। लखनऊ में आयोजित तृतीय इंटर जयपुरिया स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 'एथलेटिका 3.0' में सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल, देवरिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल पांच



पदक हासिल किए। 31 अक्टूबर को गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में जयपुरिया स्कूल समूह की 25 शाखाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें देवरिया के रिषभ पाण्डेय ने अंडर-12 शतरंज और आयांश मल्ल ने अंडर-14 शतरंज में रजत पदक जीता। वहीं पियूष कुमार ने ताइक्वांडो (40 किग्रा.), रुद्र कुमार ने अंडर-12 शॉट पुट और अंकित सिंह पटेल ने अंडर-17 टेबल टेनिस में कांस्य पदक हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता श्रीवास्तव ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया। विद्यालय प्रबंधन ने भी विद्यार्थियों, अभिभावकों और खेल प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

त्याग, सादगी और निस्वार्थ मित्रता की प्रतिमूर्ति थे सुदामा-पंडित घनश्याम ओझा

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम भिंगारी बाजार में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित घनश्याम ओझा ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा जी के पावन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा चरित्र केवल दो मित्रों के मिलन की कथा नहीं, बल्कि सच्ची मित्रता, निस्वार्थ प्रेम, त्याग, संतोष और भगवान की भक्तवत्सलता का अनुपम उदाहरण है।कथा का वर्णन करते हुए पंडित घनश्याम ओझा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। समय के साथ भगवान श्रीकृष्ण द्वारिका के राजा बन गए, जबकि सुदामा जी अत्यंत निर्धनता में भी संतोषपूर्वक जीवन व्यतीत करते रहे। एक दिन पत्नी के आग्रह पर सुदामा जी अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। उनके पास भेंट स्वरूप केवल थोड़े से चावल थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण को सुदामा जी के आगमन का समाचार मिला, वे राजमहल से नंगे पांव दौड़कर अपने मित्र का स्वागत करने पहुंचे। भगवान ने सुदामा जी को गले लगाया और स्वयं उनके चरण धोकर मित्रता एवं प्रेम की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। सुदामा जी द्वारा लाए गए मुट्ठी भर चावलों को भी भगवान ने बड़े प्रेम और



श्रद्धा के साथ स्वीकार किया।

इस प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास पंडित घनश्याम ओझा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को यह संदेश दिया कि उनके लिए भक्त की भेंट का मूल्य नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपा प्रेम और श्रद्धा महत्वपूर्ण है। भगवान भाव के भूखे हैं, धन-दौलत के नहीं। सुदामा जी ने भगवान से कभी कुछ नहीं मांगा, फिर भी प्रभु उन्हें सब कुछ दे दिया। यहां प्रमुख रूप से मुख्य यजमान वीर बहादुर सिंह, ऊषा किरण,सुरेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, डॉ अभय प्रताप सिंह, सूरज सिंह सेंगर, ओमप्रकाश पटेल,अजीत शाही, ललित सिंह, देवव्रत सिंह, अमरेन्द्र सिंह, सर्वेंद्र सिंह, सरोज सिंह, भावना सिंह, हेमलता सिंह, अनिता सिंह, निलम सिंह, अजय सिंह, रिंकू शाही सहित तमाम श्रोता उपस्थित थे।

जनता प्रदेश में तीसरी बार योगी सरकार बनायेगी-इन्द्रजीत सिंह कुशवाहा

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्रजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में बीते दो बार से



पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में विकास कार्यों को देखते हुए और विना भेदभाव के योजनाओं को लागू करते हुए सभी धर्म के लोग जो पात्र है योजनाओं का लाभ ले रहे है जिसके चलते आगामी 2027 में भी पूर्ण बहुमत के साथ तीसरे बार प्रदेश में योगी सरकार बनेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता इन्द्रजीत सिंह कुशवाहा भाजपा विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा के पैतृक आवास नरायनपुर में प्रेसवार्ता के दौरान उपरोक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि बीते 2017 विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में योगी सरकार बनायी और योगी सरकार ने विना भेदभाव के योजनाओं को लागू किया इसका लाभ सभी लोगों ने लिया जिसके परिणाम स्वरूप 2022 में भी प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में विकास ही विकास हुआ है। एक प्रश्न के जवाब में भाजपा नेता इन्द्रजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधानसभा फाजिलनगर क्षेत्र में दस वर्षो तक विधायक के पद पर गंगा सिंह कुशवाहा रहे और चारों तरफ विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्यो को धरातल पर रखने का कार्य किया और जब 2022 का चुनाव आया तो पूर्ण विधायक गंगा सिंह कुशवाहा के सुपुत्र सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा को भाजपा नेतृत्व ने विधानसभा फाजिलनगर से प्रत्याशी घोषित किया जिसपर विधानसभा फाजिलनगर की जनता विकास के बदौलत ही सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा को विजयी घोषित किया। उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा सरल स्वभाव, व्यक्तित्व के धनी है।

देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के मृगांक ने रचा इतिहास, प्रदेश में पाया पहला स्थान

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र मृगांक सिंह ने प्रोफेशनल परीक्षा भाग-एक में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर कॉलेज



और जिले का मान बढ़ाया है। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रदेश भर के सभी मेडिकल कॉलेजों में मृगांक ने 80.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार, मृगांक सिंह ने कुल 500 अंकों में से 404 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान झटका। वहीं, इसी कॉलेज के छात्र किसलय पांडेय ने 381 अंकों के साथ दूसरा और अश्वनी कुमार ने 367 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन से परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों की इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. रजनी पटेल ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी लगन के साथ अध्ययन जारी रखने और भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. एच.के. मिश्रा,

❖ प्रोफेशनल परीक्षा भाग-1 में 80.8प्रतिशत अंकों के साथ बने यूपी टॉपर, किसलय दूसरे व अश्वनी तीसरे स्थान पर रहे

डॉ. जमाल हैदर, डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. सोनू कुमार, डॉ. शुभम पांडेय, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. अजय यादव, डॉ. अजीत पाल भारती, डॉ. संजय भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों व प्रवक्ताओं ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अंतिम प्रोफेशनल परीक्षा में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जरूरी टिप्स दिए।

विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा से पांच हजार कार्यकर्ता गोरखपुर पद यात्रा में शामिल होंगे-सूर्य प्रताप शाही

पथरदेवा(देवरिया) विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के तरफ से चार नवम्बर 2026 दिन बुधवार को गोरखपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित विशाल पद यात्रा में विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के चारों तरफसे लगभग पांच हजार भाजपा कार्यकर्ता जायेगे। उपरोक्त जानकारी प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के सभी मण्डल अध्यक्षों की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी है और भाजपा कार्यकर्ताओं को जाने के लिए संसाधन निश्चित स्थान पर सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि बस सभी स्थानों से प्रातः नौ बजे विशाल पद यात्रा गोरखपुर के लिए रवाना होगी जिसमें एकजुटता और संगठन शक्ति का भव्य प्रदर्शन होगा।

चारा काट रही महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई

लक्ष्मीगंज, कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के पडरौना रोड स्थित बंद पड़ी खेतान मिल के समीप मंगलवार को बकरी के लिए चारा काट रही महिला 11



हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसका एक पैर फैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, काशीराम शहरी आवास निवासी निर्मला (40) पत्नी अयोध्या खेतान मिल के पास बकरी के लिए चारा काट रही थी। इसी दौरान वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को ई-रिक्शा से सीएचसी रामकोला पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

❖ करंट से झुलसी महिला का पैर फैक्चर, जिला अस्पताल रेफर